वर्ष- 02 अंक- 218
छपरा
29 जून रविवार
2025
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

### पिछले दरवाजे से एनआरसी लाने की कोशिश हो रही, टीएमसी ने मतदाता सूची की जांच पर उठाए सवाल



**कोलकाता ,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मतदाता सूची के पुनर्निरीक्षण की आड़ में पिछले दरवाजे से एनआरसी लागू करने की भयावह कोशिश की जा रही है। चुनाव आयोग के अभियान की टाइमिंग पर सवाल उठाते हुए टीएमसी नेता डेरेक ओ ब्रायन ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि विपक्षी इंडी गठबंधन की पार्टियां इस मुद्दे को संसद के भीतर और बाहर दोनों जगह उठाएंगी।

**टीएमसी ने टाइमिंग पर उठाए सवाल** :चुनाव आयोग ने बीते सोमवार को दिशा निर्देश जारी किए, जिनके तहत बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनर्निरीक्षण करने और अयोग्य नामों को हटाया जाना है। निर्देशों के तहत सिर्फ योग्य और वैध मतदाताओं के नाम ही मतदाता सूची में शामिल किया जाएगा। हालांकि विपक्षी पार्टियों का आरोप है कि भाजपा को फायदा पहुंचाने के लिए चुनाव आयोग यह पूरी कवायद कर रहा है। इससे पहले बिहार में मतदाता सूची में संशोधन अंतिम बार साल 2003 में किए गए थे। टीएमसी नेता डेरेक ओ ब्रायन ने सवाल उठाया कि अब अचानक से मतदाता सूची की जांच क्यों की जा रही है?

### रक्षा विशेषज्ञ बोले- सेना ड्रोन हमले से निपटने के लिए कर रही परीक्षण

तकनीक के बावजूद जमीनी स्तर पर सैनिक अहम

**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारतीय सेना ड्रोन हमलों से निपटने के लिए समाधान तलाश रही है। सेना इसके लिए अलग-अलग परीक्षण भी कर रही है। यह जानकारी शुक्रवार को शीर्ष रक्षा विशेषज्ञ सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल वीजी खंडारे ने दी। उन्होंने बताया कि ये परीक्षण पाकिस्तान की तरफ से किए गए ड्रोन और लूटियर म्यूनिशन हमलों को ध्यान में रखते हुए किए जा रहे हैं। बता दें कि पाकिस्तानी ठिकानों पर भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के बाद बौखलाए पाकिस्तान ने ड्रोन और लूटियर म्यूनिशन हमले किए थे।

**जमीनी स्तर पर सैनिकों की मौजूदगी की महत्ता कम नहीं** वरिष्ठ सैन्य अधिकारी खंडारे ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना के पायलटों या सेना ने सीमा पार नहीं की, फिर भी वे लक्ष्य को सफलतापूर्वक नष्ट करने में सक्षम रहे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि तकनीकी युद्ध में प्रगति के बावजूद जमीनी स्तर पर सैनिकों की मौजूदगी की महत्ता कम नहीं हुई है। उन्होंने कहा, जब तक आप दुश्मन की जमीन पर जाकर कब्जा नहीं करते, तब तक वह क्षेत्र आपका नहीं माना जा सकता। इसलिए बूट्स ऑन द ग्राउंड ही वास्तविक नियंत्रण को दर्शाते हैं।

### पाकिस्तान में आत्मघाती हमला- सैन्य काफिले को बनाया गया निशाना

13 सैनिकों की मौत, 10 जवानों समेत 29 घायल

**इस्लामाबाद,एजेंसी।** उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान में एक सैन्य काफिले को निशाना बनाकर किए गए आत्मघाती बम विस्फोट में 13 सैनिक मारे गए। हमले में दर्जनों लोगों के घायल होने की खबर है। हालांकि, हताहतों की संख्या बढ़ भी सकती है। सूत्रों के मुताबिक, उत्तरी वजीरिस्तान जिले के खड्डी इलाके में आज सुबह एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन को बम निरोधक इकाई के माइन-रेसिस्टेंट एम्बुश प्रोटेक्टेड (एमआरएपी) वाहन से भिड़ा दिया। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में एक स्थानीय सरकारी अधिकारी ने कहा कि एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन की सैन्य काफिले से टक्कर करवा दी। विस्फोट में 13 सैनिक मारे गए।

जैन मुनि आचार्य विद्यानंद महाराज का जन्म शताब्दी समारोह

# पीएम मोदी ने डाक टिकट, सिक्के जारी किए कहा- आचार्य विद्यानंद का जीवन त्याग की मिसाल

**नई दिल्ली,एजेंसी।** पीएम मोदी शनिवार को जैन मुनि आचार्य विद्यानंद महाराज के जन्म शताब्दी समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने आचार्य विद्यानंद का डाक टिकट और सिक्का जारी किया। इस कार्यक्रम का आयोजन भगवान महावीर अहिंसा भारती ट्रस्ट की ओर से किया गया। ट्रस्ट ने पीएम को धर्म चक्रवर्ती की उपाधि से सम्मानित किया। इस मौके पर मोदी ने कहा, मैं खुद को इस उपाधि के योग्य नहीं मानता, लेकिन हमारी संस्कृति में यह परंपरा है कि संतों से जो भी मिलता है, हम उसे प्रसाद मानकर स्वीकार करते हैं। इस वजह से मैं इस सम्मान को प्रसाद रूप में विनम्रता से स्वीकार करता हूं और इसे मां भारती को समर्पित करता हूं।



#### पीएम ने कहा-

आज का दिन इसलिए भी खास है क्योंकि 28 जून 1987 को आचार्य विद्यानंद मुनिराज को आचार्य की उपाधि दी गई थी। यह सिर्फ एक सम्मान नहीं था, बल्कि जैन संस्कृति को विचारों, संयम और करुणा से जोड़ने वाली एक पवित्र धारा भी थी। जब हम आज उनके जन्म के 100 साल मना रहे हैं, तो वह ऐतिहासिक पल फिर याद आता है। आचार्य विद्यानंद जी ने देशभर में कई पुराने जैन मंदिरों के जीर्णोद्धार में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने जीवनभर नंगे पांव यात्रा की और कठोर तप, ब्रह्मचर्य और ध्यान का पालन किया।

#### कौन थे आचार्य विद्यानंद महाराज?




आचार्य विद्यानंद महाराज जैन धर्म के संत, विद्वान और समाज-सुधारक थे। उनका जन्म 22 अप्रैल 1925 को शेदबल गांव, बेलगावी (अब कर्नाटक) में हुआ था। बहुत कम उम्र में उन्होंने संन्यास ले लिया और पूरी जिंदगी संयम, साधना और सेवा में लगा दी। वे जैन धर्म के सबसे बड़े विद्वानों में माने जाते हैं। उन्होंने 8,000 से यादा जैन ग्रंथों के श्लोक कंठस्थ कर रखे थे। उन्होंने जैन दर्शन, नैतिकता और प्राकृत भाषा पर 50 से अधिक किताबें लिखीं।

#### जैन ध्वज के निर्माता

आचार्य विद्यानंद जी महाराज साल 1975 में भगवान महावीर के 2,500वें निर्वाण महोत्सव के समय, उन्होंने सभी जैन संप्रदायों की सहमति से आधिकारिक जैन ध्वज और अहिंसा प्रतीक तैयार किया।

लैंडस्लाइड के चलते केदारनाथ हाईवे फिर बंद

### नॉर्थ ईस्ट में 5 दिन से रेल कनेक्टिविटी टूटी; मुंबई में हाई टाइड से सड़कों को नुकसान ?



**नई दिल्ली/भोपाल/ लखनऊ ,एजेंसी।** मौसम विभाग ने आज देश के 31 रायों में बारिश की चेतावनी जारी की है। यूपी-बिहार समेत देश के 27 रायों में बारिश का यलो अलर्ट है। वहीं, उत्तराखंड, गुजरात, महाराष्ट्र (मध्य), केरल में तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

उत्तराखंड के सोनप्रयाग में शुक्रवार देर रात तेज बारिश के चलते लैंडस्लाइड हुई। इस वजह से केदारनाथ हाईवे बंद हो गया है। रास्ते से मलबे को हटाने का काम जारी है। पुलिस ने यात्रियों को कुछ दूर पहले सुरक्षित स्थान पर ही रोक लिया है। राजस्थान के 29 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट है। शुक्रवार को जैसलमेर, जयपुर, सीकर, अलवर समेत 25 से यादा जिलों में तेज बारिश हुई। वहीं, बिजली गिरने से बूंदी में एक युवक और महिला, सिरोही में बचे और डूंगरपुर में युवक की मौत हो गई। महाराष्ट्र में तेज बारिश जारी है। मुंबई में समुद्र में हाई टाइड उठ रहा है। इस वजह से समुद्र किनारे की सड़कों को नुकसान पहुंचा है। वहीं, महाराष्ट्र के चंद्रपुर का ताड़ोबा अंधारी टाइगर रिजर्व (TATR) का मेन एरिया मानसून की वजह से 1 जुलाई से तीन महीने के लिए पर्यटकों के लिए बंद किया गया है।

हिंदू समाज को स्नेह सूत्र में बांधना संघ का लक्ष्य

## मोहन भागवत बोले-आरएसएस का मूल विचार अपनापन; 26 अगस्त से शुरू होगा शताब्दी समारोह

**पुणे,एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मूल विचार अपनापन है। अगर ऋस्र को एक शब्द में बयान किया जाए तो वह अपनापन होगा। भागवत बोले- संघ का उद्देश्य पूरे हिंदू समाज को अपनेपन और स्नेह के सूत्र में बांधना है। साथ ही, हिंदू समाज ने यह जिम्मेदारी भी ली है कि वह पूरी दुनिया को भी इसी अपनेपन के सूत्र में बांधे। संघ प्रमुख भागवत पुणे में आयुर्वेदाचार्य दिवंगत वैद्य पीवाय खडीवाले की जीवनी के विमोचन कार्यक्रम में बोल रहे थे।

**भागवत के बयान की बड़ी बातें...** जानवरों के मुकाबले इंसान के पास बुद्धि होती है। अगर वह बुद्धि का सही इस्तेमाल करे तो और बेहतर बन सकता है, लेकिन अगर उसी बुद्धि का गलत इस्तेमाल करे तो और भी बुरा बन सकता है। इंसान को बुराई से रोकने वाली एकमात्र चीज है अपनापन और स्नेह।




#### 26 अगस्त से शुरू होंगे आरएसएस शताब्दी समारोह के आयोजन

आरएसएस अपना शताब्दी वर्ष सैकड़ों हिंदू सम्मेलनों और सामुदायिक बैठकों के साथ मनाने जा रहा है। जो पूरे देश में आयोजित होंगे। 2 अक्टूबर को विजयादशमी के दिन अखिल भारतीय योजना बनाई है। शुरुआत 26 अगस्त को दिल्ली में मोहन भागवत की तीन दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला से होगी। इसके बाद ये व्याख्यान मुंबई, बेंगलुरु और कोलकाता में आयोजित किए जाएंगे।

'गिविंग बैक' शब्द आज अंग्रेजी में फैशन बन गया है, लेकिन भारत में यह भावना बहुत पहले से है। भागवत ने कहा कि संघ यह सिखाता है कि अगर कोई आपके प्रति अपनापन दिखा रहा है, तो आपको भी वैसा ही स्नेह और करुणा दिखानी चाहिए।

संघ क्या करता है। यह हिंदुओं को संगठित करता है। इस बढ़ती हुई आत्मीयता की भावना को और मजबूत किया जाना चाहिए, क्योंकि पूरा विश्व इसी से चलता है। वास्तविक एकता उस सामान्य सूत्र को पहचानने से आती है जो सभी को जोड़ता है।

### एअर इंडिया ने 4 कर्मचारियों से इस्तीफा मांगा-अहमदाबाद प्लेन क्रैश के 8 दिन बाद मनाया था जश्न, डांस का वीडियो सामने आया

**नई दिल्ली,एजेंसी।** एअर इंडिया ने अपने ग्राउंड हैंडलिंग वेंचर AISATS के 4 कर्मचारियों को इस्तीफा देने के लिए कहा है। ये कार्रवाई इनकी एक पार्टी का वीडियो वायरल होने के बाद की गई। इन कर्मचारियों ने अहमदाबाद प्लेन हादसे के 8 दिन बाद यह पार्टी की थी। एअर इंडिया ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, अहमदाबाद प्लेन हादसे की दुखद घटना से प्रभावित परिवारों के साथ हम पूरी संवेदना के साथ खड़े हैं। वायरल वीडियो में कर्मचारियों का व्यवहार है, वह हमारी कंपनी की पॉलिसी के खिलाफ है। हमने जिम्मेदार लोगों पर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की है।



पुरी में तीनों रथ गुंडिचा मंदिर पहुंचे

## 9 दिन मौसी के यहां ठहरेंगे भगवान, दो दिन की रथ यात्रा में 10 लाख से यादा भक्त पहुंचे



**पुरी,एजेंसी।** ओडिशा के पुरी में सालाना जगन्नाथ यात्रा का शनिवार को दूसरा दिन है। आज सुबह 10 बजे फिर रथयात्रा शुरू हुई। भक्तों ने तीनों रथों को खींचना शुरू किया। सुबह 11.20 बजे भगवान बलभद्र का रथ तालध्वज और दोपहर 12.20 बजे देवी सुभद्रा का दर्पदलन रथ और इनके बाद भगवान जगन्नाथ का नंदीघोष रथ 1.11 बजे गुंडिचा मंदिर पहुंच गया है। मुख्य मंदिर से गुंडिचा मंदिर की दूरी 2.6 किमी दूर है। 8 लाख से यादा श्रद्धालु होने की वजह से अभी दो से तीन घंटे और लग सकते हैं। गुंडिचा मंदिर में भगवान 9 दिन ठहरेंगे। पुरी में सुबह से हल्की बारिश हो रही है। इससे मौसम में अछा हो गया है। कल की अपेक्षा आज भीड़ 10-20% कम है, लेकिन आज भी कई लोग बीमार हो गए। पिछले दिन में 650 से श्रद्धालुओं के तबीयत खराब होने की खबर है। शुक्रवार को रथ यात्रा में 10 लाख से यादा लोग थे। देर शाम देवी सुभद्रा के रथ के आसपास भीड़ का दबाव बढ़ने से 625 से श्रद्धालुओं की तबीयत बिगड़ गई। प्रशासन के मुताबिक, 70 अस्पताल में भर्ती किया गया। इनमें से 9 की हालत गंभीर है।

### जगन्नाथ यात्रा के दौरान मस्जिद पर चप्पल फेंकी,वीडियो देखने के बाद मुस्लिम समाज ने थाना घेरा

#### सीसीटीवी फुटेज चेक कर रही पुलिस



**उज्जैन ,एजेंसी।** भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के दौरान शुक्रवार को उज्जैन में एक मस्जिद पर चप्पल फेंकने का वीडियो सामने आया है। वीडियो के बाद मुस्लिम समाज के लोग बड़ी संख्या में खारा कुआं थाने पहुंचे और प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि रथ यात्रा गुजरने के दौरान तीन बार चप्पलें मस्जिद की ओर फेंकी गईं।

**शाम को निकली थी भगवान जगन्नाथ की यात्रा :** शुक्रवार को शहर में भगवान जगन्नाथ की दो रथयात्राएं निकलीं। एक यात्रा इस्कॉन मंदिर से, जबकि दूसरी यात्रा ढाबा रोड स्थित जगदीश मंदिर से शुरू होकर गोपाल मंदिर होते हुए वापस उसी मार्ग से लौट रही थी। इसी दौरान यात्रा एक मस्जिद के सामने से गुजरी, तब कुछ लोगों ने वहां चप्पलें फेंकीं। इस घटना का वीडियो सामने आने के बाद मुस्लिम समाज ने आरोप लगाया कि यह हरकत जानबूझकर की गई, जिससे शहर का माहौल खराब किया जा सके।

### सीजेआई बोले-अधिकारों की रक्षा के लिए अदालतों की सक्रियता जरूरी



- **लेकिन यह यूडिशियल टेररिम न बने; माता-पिता का संघर्ष याद कर भावुक हुए जस्टिस गवई**

**नागपुर,एजेंसी।** भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने शुक्रवार को कहा कि संविधान और नागरिकों के अधिकारों को बनाए रखने के लिए न्यायिक सक्रियता जरूरी है। यह बनी रहेगी, लेकिन इसे न्यायिक आतंकवाद में नहीं बदला जा सकता। सीजेआई ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र के तीनों अंगों विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका को उनकी सीमाएं दी गई हैं। तीनों को कानून के अनुसार काम करना होगा। जब संसद कानून या नियम से परे जाती है, तो न्यायपालिका हस्तक्षेप कर सकती है। सीजेआई गवई नागपुर जिला कोर्ट बार एसोसिएशन के कार्यक्रम में बोल रहे थे।

यहां उन्होंने कुछ किस्से साझा किए। अपने माता-पिता के संघर्षों के बारे में बताया। अपने जीवन पर माता-पिता के प्रभाव के बारे में बात करते हुए भावुक हो गए।

**सीजेआई बोले- पिता भी बनना चाहते थे वकील-** सीजेआई ने कहा, मैं आर्किटेक्ट बनना चाहता था, लेकिन मेरे पिता ने मेरे लिए अलग सपने देखे थे। वह हमेशा चाहते थे कि मैं वकील बनूं, एक ऐसा सपना जो वह खुद पूरा नहीं कर सके। मेरे पिता ने खुद को अंबेडकर की सेवा में समर्पित कर दिया। वह खुद एक वकील बनना चाहते थे, लेकिन स्वतंत्रता आंदोलन का हिस्सा होने के कारण उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया, इसलिए वह अपनी इछा पूरी नहीं कर सके।

## कोलकाता गैंगरेप केस- मेडिकल जांच में दुष्कर्म की पुष्टि

- **शरीर पर काटने, खरोंच के निशान; टीएमसी नेता बोले- दोस्त ही दोस्त का रेप करे, तो क्या करें**



**कोलकाता,एजेंसी।** कोलकाता के लॉ कालेज में गैंगरेप की पीड़ित छात्रा की मेडिकल रिपोर्ट में रेप की पुष्टि हो गई है। मेडिकल जांच कलकत्ता नेशनल मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (CNMC) में की गई थी। कस्बा पुलिस के अधिकारी के मुताबिक पीड़ित के साथ जबरदस्ती करने, शरीर पर काटने और नाखून से खरोंचने के निशान मिले हैं। उससे मारपीट की भी पुष्टि हुई है। गैंगरेप केस के तीनों आरोपियों को कोर्ट ने शुक्रवार को 1 जुलाई तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। पुलिस ने 26 जून को 2 आरोपियों और तीसरे आरोपी को शुक्रवार सुबह गिरफ्तार किया था। वहीं लॉ कॉलेज के गार्ड पिनाकी बनर्जी (55) को भी शनिवार को अरेस्ट कर लिया गया। TMC सांसद कल्याण बनर्जी ने घटना को लेकर विवादित बयान दिया। बनर्जी ने कहा- अगर कोई दोस्त अपने दोस्त के साथ बलात्कार करता है तो क्या किया जा सकता है।

घटना 25 जून को हुई थी, वारदात कॉलेज के ग्राउंड फ्लोर के गार्ड रूम में हुई थी। आरोपियों में मनोजीत मिश्रा (31), जैब अहमद (19) और प्रमित मुखर्जी (20) शामिल हैं। मनोजीत मुख्य आरोपी है और कॉलेज का पूर्व छात्र है। जबकि जैब और प्रमित कॉलेज के छात्र हैं।

## केरल के स्कूलों में जुम्बा क्लास, मुस्लिम संगठन का विरोध

बोले- ये अश्लीलता; शिक्षा मंत्री ने कहा- ऐसी सोच ड्रग्स से यादा जहरीली



**तिरुवनंतपुरम,एजेंसी।** केरल के स्कूलों में इस साल से जुम्बा क्लास शुरू की जाएंगी। कुछ स्कूलों में ये क्लास शुरू भी हो गई है। मुस्लिम संगठनों ने जुम्बा डांस का विरोध किया है। इन संगठनों ने लड़के-लड़कियों के एक दूसरे के साथ घुलने-मिलने और कम कपड़े पहनकर साथ में डांस करने पर ऐतराज जताया है। मुस्लिम संगठनों का कहना है कि यह अश्लीलता को बढ़ावा देने जैसा है। हमें इसे स्वीकार नहीं करेंगे। विजडम इस्लामिक संगठन के महासचिव टीके अशरफ ने कहा- मेरा बेटा इस सेशन में भाग नहीं लेगा। केरल शिक्षा विभाग ने नशा विरोधी अभियान के तहत स्कूलों में फिटनेस कार्यक्रम शुरू किया है। इसी के तहत कई स्कूलों ने जुम्बा ट्रेनिंग देना शुरू कर दिया है। शिक्षा मंत्री वी शिवनकुट्टी ने कहा कि ऐसी सोच समाज में नशीली दवाओं से भी यादा घातक जहर घोल देंगी। मुस्लिम नेता बोले- फिटनेस के नाम पर अश्लीलता ना थोपें एक मुस्लिम संगठन समस्ता के नेता नसर फैजी कूदाथाई ने इस कदम को व्यक्तिगत स्वतंत्रता का उल्लंघन और शारीरिक फिटनेस के नाम पर अश्लीलता थोपना बताया। उन्होंने कहा- जुम्बा में कम से कम कपड़े पहनकर साथ में डांस किया जाता है। अगर सरकार ने बड़े बचों को भी ऐसा करने का निर्देश दिया है, तो यह आपत्तिजनक है। नसर फैजी ने कहा, मौजूदा शारीरिक प्रशिक्षण को बेहतर बनाने के बजाय, हमें अश्लीलता करने के लिए मजबूर न करें। यह उन छात्रों की व्यक्तिगत स्वतंत्रता और मौलिक अधिकारों का भी उल्लंघन है, नैतिक मूल्य भी डांस करने की अनुमति नहीं देते हैं।

## चाकूबाजी की घटना में पिता-पुत्र घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के पकड़ी गांव में चाकूबाजी में पिता पुत्र घायल हो गए घटना 23 जून की रात की बताई गई। घायल पिता हरेश्वर पांडेय उम्र 58 वर्ष पिता स्व बाबू लाल पांडेय ने थाना पुलिस को आवेदन देकर बताया कि अभी उनका पुत्र 22 वर्षीय आशुतोष पांडेय गंभीर घायल हालत में पटना में ही इलाजरत हैं। उन्होंने घटना के बारे में बताया गया वे अपने दरवाजे पर बैठें थे, उसी दौरान पड़ोसी के द्वारा दरवाजे पर चढ़ उनके पुत्र को चाकूबाजी कर घायल कर दिया वहीं बचाव में उन्हें भी घायल कर दिया गया। इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया जहां से सदर अस्पताल छपरा और वहां से पटना पीएमसीएच भेज दिया गया। पुलिस जांच-पड़ताल कर रहीं हैं।

## अलग-अलग घटनाओं में मारपीट में तीन लोग घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के अलग-अलग घटनाओं में मारपीट में तीन लोगों को घायल हालत में इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया। पहले मामले में बंगरा काली स्थान के पास सड़क दुघर्टना में इसुआपुर थाना क्षेत्र के टेढ़ा गांव निवासी गुलाब चंद राम का 32 वर्षीय पुत्र परमेश्वर राम घायल हो गया। 112 गश्ती टीम ने इलाज के लिए ने भर्ती कराया। दूसरे मामले में सिउरी गांव जमीन विवाद में खेत जोतने के विवाद को लेकर मारपीट में मशरक के सिउरी गांव निवासी सुदामा मांझी की 55 वर्षीय हरिमुनी देवी घायल हो गयी। तीसरे मारपीट के मामले में गोपालवाड़ी गांव में मकान का छज्जा निकालने को लेकर मारपीट में कन्हैया प्रसाद का 22 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार घायल हो गया। पुलिस मामले में जांच पड़ताल में जुटी है।

## मशरक में परीक्षा के दौरान दो छात्रा बेहोश

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक जंक्शन के पास उच्च विद्यालय में परीक्षा देने के लिए आई दो छात्राएं बेहोश हो गई। बेहोशी की हालत में दोनों छात्राओं को शिक्षक अरूण कुमार वर्णवाल एवं संजय कुमार सिंह के द्वारा एम्बुलेंस की मदद से इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात प्रभारी चिकित्सक डॉ चन्द्रशेखर सिंह ने प्राथमिक उपचार किया। छात्राएं तरैया थाना क्षेत्र के गलिमापुर गांव निवासी 16 वर्षीय पल्लवी कुमारी और 14 वर्षीय अनन्या कुमारी बताई गई है। प्रभारी डॉ चन्द्रशेखर सिंह ने बताया कि बेहद गर्मी की वजह से छात्राएं बेहोश हुई है। उन्होंने कहा कि तेज हीट की वजह से छात्राएं बेहोश हो गई है, सभी की हालत ठीक है, इलाज के उपरांत घर भेज दिया जाएगा।

## महिला बच्चों के साथ मारपीट कर झोपड़ी में लगा दी आग

**मढ़ौरा(सारण)।** थाना क्षेत्र की नेथुआ में महिला और उसके बच्चों के साथ मारपीट करने और उसकी झोपड़ी में आग लगा देने का मामला प्रकाश में आया है। घटना को लेकर पीड़ित महिला नेथुआ निवासी राजवंशी मांझी की पत्नी प्रभावती देवी ने एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में उसी गांव के सुमित राय, करण कुमार, मुन्ना राय, पशुपति राय, मदन राय, अर्जुन कुमार, विशाल कुमार, नागेंद्र राय, उतिम राय, सूरज कुमार सहित 14 लोगों को नामजद किया है। प्राथमिकी भी कहा है कि सभी बीती रात्रि 7 बजे उसके घर पर आए और उसे और उसकी दो बेटी एक बेटा के साथ बुरी तरह से मारपीट करने लगे। इस दौरान सभी ने उसके घर में आग लगा दी। आगलगी में उसके घर का सारा सामान जल गया और वह तथा उसके परिवार ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। पीड़ित महिला ने आरोपियों पर जाति सूचक गाली गलौज करने का भी आरोप लगाया है ।

## पानी में डूबने से बचाव को लेकर किया गया जागरूक

**अररिया,एजेंसी।** फारबिसगंज के प्राथमिक विद्यालय आदिवासी टोला मधुरा में सुरक्षित शनिवार के तहत स्कूली बच्चों को हजार्ड हंट एवं पानी में डूबने से बचाव को लेकर जागरूक किया गया।

बरसात के दिनों में नदी नालों सहित खेतों में पानी आ जाने और बाढ़ को लेकर बच्चों को पानी में डूबने से बचाव को लेकर जागरूक किया गया।फोकल शिक्षक रंजीत कुमार मंडल ने बच्चों को हजार्ड हंट को लेकर जानकारी दी। हजार्ड हंट को लेकर उन्होंने बच्चों को बताया कि हजार्ड हंट का मतलब खतरों की पहचान करना और उन्हें कम करने के लिए काम करना है। यह एक सुरक्षा जागरूकता अभियान है, जो कार्यस्थल या किसी भी स्थान पर खतरों की पहचान करने और उन्हें दूर करने के लिए किया जाता है। हजार्ड हंट में, लोग विभिन्न प्रकार के खतरों की पहचान करते हैं, जैसे कि ढीली तार, गीली फर्श, या अवांछित उपकरण। तत्पश्चात शिक्षक अभिभावक गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक कुमार राजीव रंजन ने अभिभावक से बच्चों को शत प्रतिशत विद्यालय भेजने का आग्रह किया। वहीं नवपद स्थापित शिक्षकों ने बच्चों की उपस्थिती बढ़ने से मिलने वाली सरकारी लाभ के बारे में बताया। वहीं ग्रामीणों ने पूर्व से पदस्थापित शिक्षक रिंकू पासवान के स्थानांतरण पर दुख व्यक्त किया एवं उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया।

कार्यक्रम को मारवाड़ी मुर्मू, बेटका मुर्मू, लुखी देवी, सुशीला देवी, ममता देवी आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम में दर्जनों ग्रामीण सहित सैकड़ों बच्चे उपस्थित थे।

# कद से ऊंचा मकसद: बिहार की उभरती कराटे खिलाड़ी नवी श्री

विवेकानंद सिंह।

**दैनिक खोज खबर छपरा/मढ़ौरा (सारण)।** यद्यपि विश्वप्रसिद्ध खेल कराटे, किसी परिचय का मोहताज नहीं है; फिर भी बता दें कि इस जापानी मार्शल आर्ट, यानी कराटे की शुरुआत 15वीं शताब्दी में जापान के ओकिनावा द्वीप में हुई थी और फिर 1920 के दशक में यह पूरे जापान में लोकप्रिय हो गया। तत्पश्चात् द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद यह दुनियाभर के कई देशों का रुचिकर खेल बन गया। इसकी लोकप्रियता को देखते हुए इसे 2020 टोक्यो ओलम्पिक में शामिल कर लिया गया, लेकिन अफ़सोस है कि अपरिहार्य कारणों से 2024 में हुए पेरिस ओलम्पिक में इसे प्रतियोगिता से बाहर कर दिया गया। भारत के अन्य प्रांतों के साथ ही बिहार प्रांत के कई छोटे-बड़े कराटे खिलाड़ियों ने इस खेल में एक से बढ़कर एक उपलब्धि हासिल की है, जिसमें नगर पंचायत मढ़ौरा (ज़िला सारण, बिहार) के स्वर्गीय बाबू मनोकामना प्रसाद सिंह के ज्येष्ठ-पुत्र, डा. एन. के. सिंह (पूर्व चिकित्सक, बीएमपी 5-16) की 8 वर्षीया पौत्री, नवी श्री का नाम उल्लेखनीय है।नवी श्री के पिता, सिद्धांत सिंह ने बताया कि नवी, आशियाना नगर, पटना के सेंट मैरीज अकादमी में तीसरी कक्षा की छात्रा है और द चैम्पियंस क्लब, पटना के कराटे प्रशिक्षक, सेंसेई सौरव कुमार (3 डैन ब्लैक बेल्ट) से कराटे सीख रही है और उसकी इच्छा है कि वह इस खेल की सिरमौर्य बने और भारत के लिए विश्वस्तरीय पुरस्कार जीतकर अपने कस्बा, अपने जनपद, अपने प्रदेश के साथ ही अपने देश का नाम ऊंचा करे। नवी श्री के कराटे कोच, सेंसेई सौरव कुमार ने बताया कि बनारस, कोलकाता,



मंच पर स्वर्ण-पदक के साथ नवी श्री, साथ में आयोजन समिति के सदस्य।

पटना आदि में आयोजित विभिन्न कराटे प्रतियोगितायों में भाग ले चुकी नवी श्री ने गिरिडीह में सम्पन्न हुए दो दिवसीय (18 से 20 अप्रैल, 2025 तक) फ़र्स्ट साउथ एशियन कराटे चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में स्वर्ण-पदक जीतकर बिहार प्रांत का नाम रोशन किया है। उन्होंने आगे बताया कि कपूर सिंह मॉडर्न मार्शल आर्ट अकादमी, गिरिडीह एवं वर्ल्ड फूनाकोसी सॉतोकान कराटे एसोसिएशन, झारखण्ड के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित उपरोक्त प्रतियोगिता में भारत, नेपाल, भूटान, अफ़गानिस्तान और मलेशिया के लगभग 350 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसका शुभारम्भ

गत् 18 अप्रैल, 2025 को सलूजा स्टील के चेयरमैन, डॉ.अमरजीत सिंह सलूजा, डॉ. विजय सिंह, देवेंद्र सिंह, राजधनवार प्रमुख गौतम सिंह, संघ के संरक्षक चुन्नूकांतजी ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया था।

कपूर सिंह मॉडर्न मार्शल आर्ट अकादमी के सेंसेई उज्जवल सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में नागेंद्र औली, अभिषेक सिंह, शाहबाज हुसैन, श्याम, संतोष कुमार, डॉ. अज्जू हसन सिद्दीकी, निरंजन कुमार और रमेश गुरु कमल ने निर्णय दिया था। गिरिडीह संघ के अध्यक्ष, देवेंद्र सिंह ने बताया कि नेपाल ने 78 गोल्ड मेडल जीतकर ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब जीता। भारत दूसरे (72 गोल्ड मेडल) और मलेशिया तीसरे स्थान (58 गोल्ड मेडल) पर रहा। प्रतियोगिता के समापन पर डॉ. विजय सिंह, देवेंद्र सिंह, तारकनाथ देव, नवीनकांत सिंह आदि ने खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। जिसमें द चैम्पियंस क्लब, पटना के सात प्रतिभागी शामिल थे, जिनके नाम इस प्रकार हैं - 1. संदीप (गोल्ड), 2. नवी श्री (गोल्ड), 3. सिद्ध बिशेन (गोल्ड), 4. कृति चौधरी (गोल्ड), 5. तेजश (सिल्वर), 6. आदित्य कुमार (सिल्वर), 7. अनुव्रत कुमार (गोल्ड).।

## शिक्षाविद् के श्राद्ध कर्म पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित




**दैनिक खोज खबर/ जलालपुर(सारण)।** प्रखंड के जाने माने शिक्षाविद कोठेयां निवासी देवेंद्र कुमार सिंह के श्राद्धकर्म पर कोठेयां स्थित उनके निवास पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन करते हुए सभी गणमान्यो ने उनके कृतित्व व व्यक्तित्व को सभी के लिए अनुकरणीय बताया।उन्हे याद करते हुए समाज सेवी सवीन्द्र सिंह ने कहा कि स्व देवेन्द्र बाबू जलालपुर हाई स्कूल के पूर्व प्राचार्य व विज्ञान के उत्कृष्ट शिक्षक थे।वे चालीस वर्षो तक जलालपुर हाई स्कूल मे विज्ञान के अध्यापक रहे।उनके पढाये हुए क ई विद्यार्थी देश विदेश मे उच्चे ओहदे पर है। सारण जिला के शिक्षा प्रेमियो के वे आदरणीय रहे हैं। वे आई ए एस दिव्या शक्ति के बडे पिताजी है। उनके बडे पुत्र डा अखिलेन्द्र सिंह जलालपुर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे विज्ञान के शिक्षक है।श्रद्धांजलि सभा मे डा ब्रजेन्द्र सिंह, अखिलेश्वर पांडेय,प्राचार्य दिलीप कुमार सिंह अजय कुमार सिंह,दिनेश कुमार सिंह,तारकेश्वर सिंह, राजीव सिंह, विपिन कुमार राय, प्रणेन्दू कुमार,गुड्डू कुमार,भारतेन्दु कुमार,मंकेश्रर मिश्र, माधो कुंवर सहित क ई अन्य भी शामिल थे।

## कड़ी सुरक्षा में एकमा नगर पंचायत में 19.37 फीसदी मतदान

**दैनिक खोज खबर/ रसूलपुर(एकमा)।** नगर पंचायत उपाध्यक्ष पद पर उपचुनाव कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में शांतिपूर्ण व निष्पक्ष ढंग से 19.37 फीसदी मतदान हुआ जिनमें 3089 महिलाएं 2656 पुरुष मतदाताओं ने वोट डाले, जबकि ई वोटिंग के जरिए 1840 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जो पिछले सामान्य चुनाव की अपेक्षा बहुत कम रही. हर बूथ केंद्र के बाहर काफी संख्या में पुलिस बल तैनात की गई थी. आगामी 30 जून सोमवार को मतगणना होगी.

शनिवार को एकमा नगर पंचायत उपाध्यक्ष पद के लिए 19 वार्डों में बनाए गए कूल 39 बूथों पर उपचुनाव मतदान प्रक्रिया सुबह 7-00 बजे शुरू हुई जबकि ई वोटिंग की प्रकिया तकनीकी गड़बड़ी के कारण 9-30 बजे से शुरू हुआ. सभी बूथों पर चप्पे-चप्पे पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा. पूछताछ आधार व पहचान पत्र समेत अन्य जरूरी कागज देखकर हीं मतदाताओं को मतदान करने दिया गया. इस नगर




पंचायत में कुल 29866 मतदाता थे इनमें 15695 पुरुष और 14171 महिला मतदाताओं के साथ 3900 ई वोटिंग मतदाता शामिल हैं.नगर पंचायत उपचुनाव में ई वोटिंग पर कई लोगों ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए पहली बार ई वोटिंग करके काफी खुश दिखे .

शाम पांच बजे तक कुल 19.37 फीसदी मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया. चुनाव ड्युटी पर लगाए गए पदाधिकारियों ने हर बूथ केंद्र का कुछ-कुछ देर बाद निरीक्षण करते रहे ताकि किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी ना हो सके. एकमा नगर पंचायत का यह उपचुनाव उप मुख्य पार्षद राजकुमार मांझी के आकस्मिक निधन हो जाने से यह सीट रिक्त हो गई थी. इसके लिए यहां उपचुनाव की घोषणा की गई. इस बार उपचुनाव में पूर्व मुख्य पार्षद स्व राजकुमार मांझी के पुत्र रानु कुमार के अलावा जयदीप कुमार, जयप्रकाश बैठा,जय किशुन राम और श्री किशुन राम सहित कुल पांच प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे, इन सभी का भाग्य मतपेटी में बंद हो गया. आगामी 30 जून सोमवार को होनेवाली मतगणना में विजय प्रत्याशी के नाम की घोषणा की जाएगी ।

# सड़क दुर्घटना में शिक्षक की मौत के बाद प्राथमिकी दर्ज, शोक सभा आयोजित

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के प्राथमिक विद्यालय हरपुरजान के शिक्षक की बीते सप्ताह सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। दुर्घटना के मामले में मृतक शिक्षक के पिता यशवन्त कुमार सिंह ने मशरक थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। दर्ज प्राथमिकी में बताया गया कि उनका बेटा राज्यवर्धन नारायण सिंह बाइक पर सवार होकर कर्ण कुदरिया होकर घर आ रहा था कि एन एच 227 ए राम जानकी पथ पर कृष्णा ढाबा के पास राजापट्टी की तरफ से आ रही कार बीआर 01 एच एस 9136 ने टक्कर मार दी, जिसमें उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। पुलिस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। मृतक शिक्षक के



श्राद्धकर्म पर शोक सभा आयोजित की गयी। शोक सभा में बनियापुर विधायक केदारनाथ सिंह, पूर्व उप प्रमुख साहेब हुसैन उर्फ टुनटुन, प्रखंड प्रमुख रवि प्रकाश सिंह मंटू, प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष अजीत सिंह, ठेकेदार जेके सिंह समेत अन्य कई लोग मौजूद रहे। बनियापुर विधायक केदारनाथ सिंह ने कहा कि मृतक शिक्षक बेहद हो होनहार छवि के थे, हमेशा बेहतर शिक्षा के प्रति जागरूक रहते थे। उनका निधन परिवार एवं समाज के लिए अपूर्णीय क्षति है।

## दरियापुर थाना के पास पेड़ गिरने से महिला की दर्दनाक मौत, सनसनी

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर (सारण)।** दरियापुर थाना के पास शनिवार देर शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया जब थाना के पास एक पुराने पेड़ के गिरने से एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब महिला उसी रास्ते से पैदल गुजर रही थी।अचानक तेज हवा के साथ वह पेड़ गिर पड़ा, जिससे वह उसकी चपेट में आ गई।स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और घायल महिला को बाहर निकालने की कोशिश की, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। महिला की पहचान फिलहाल नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रकिया की जा रही थी।इस दर्दनाक हादसे से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वह पेड़ काफी पुराना था और पहले भी इसके गिरने की आशंका जताई गई थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।प्रशासन से मांग की जा रही है कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए कमजोर पेड़ों की तत्काल छंटाई और निरीक्षण किया जाए।

## किशोरी के साथ की मारपीट

**मढ़ौरा(सारण)।** नगर क्षेत्र के मढ़ौरा खूर्द में एक 16 वर्षीय किशोरी के साथ मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। घटना को लेकर किशोरी अनिल चौबे की पुत्री पायल ने एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में मढ़ौरा वैशटोला निवासी पंकज तिवारी को आरोपित किया है। प्राथमिकी में कहा है कि वह मढ़ौरा कॉलोनी के पास से दिन के 2 बजे बैशटोला स्थित अपनी नानी से मिलने जा रही थी। नानीहाल के करीब पहुंचने पर आरोपी ने उसे धक्का देकर नीचे गिरा दिया और उसे धमकी दी। पीड़िता ने झगड़ा का कारण पूर्व का विवाद बताया है।

# आस्था, मान्यता और परंपरा की प्रवाह का संगम हैं श्रीजगन्नाथ रथयात्रा

के.के. श्रीवास्तव।



**दैनिक खोज खबर/पटना।** भगवान जगन्नाथ बड़े उत्सवधर्मी हैं। मन्दिर की वार्षिक आयोजन-सूची में सैकड़ों उत्सवों की रूपरेखा बनाई जाती है, जिनमें कि 108 पर्व-उत्सव और 27 यात्रा-उपयात्रा। लोक-शास्त्र के ऐक्य की बात करें, तो स्कन्दपुराण में भगवान जगन्नाथ की बारह-मासी कुल तेरह उत्सव-यात्राओं का उल्लेख मिलता है। अधिक पुरातन शास्त्रों- यथा ब्रह्मपुराण, पद्मपुराण व नारदपुराण- में ज्येष्ठ मास की स्नानयात्रा एवं रथयात्रा के ही दो उल्लेख मिला करते हैं। अर्थात् ये सर्वप्राचीन उत्सव-द्वय हैं। ये दोनों उत्सव श्रीमन्दिर के आदि-प्रणेता महाराज इन्द्रद्युम्न की धरोहर हैं, दुष्यंत-शकुंतला-नंदन भरत के यशस्वी पुत्र महाराज इन्द्रद्युम्न। भगवान जगन्नाथ के मन्दिर व विग्रह की स्थापना के पश्चात् महाराज इन्द्रद्युम्न ने तीन वर मांगे थे। महारानी गुंडिचा को आशा थी कि महाराज पुत्र की कामना भी अवश्य करेंगे, किन्तु वैसा नहीं हुआ ! सो, भगवान ने उनकी आंतरिक इच्छा को फलीभूत करते हुए कहा- कि हम प्रतिवर्ष आषाढ़ मास के शुक्लपक्ष में आपके यहाँ आएँगे और सात दिन निवास करेंगे। वस्तुतः यह आषाढ़ शुक्लपक्षीय प्रवास नीलपर्वत पर बने श्रीमन्दिर से सुन्दरपर्वत पर बने महाराज इन्द्रद्युम्न के महल की ओर होता है। प्रभु वहीं जाकर निवास करते हैं। वर्तमान में, महल को गुंडिचा देवी मन्दिर के नाम से जाना जाता है। इसे महावेदी भी कहा जाता है, श्रीविग्रहों का आविर्भाव-स्थल।इस तरह आरंभ हुआ प्रवास, आज रथयात्रा के रूप में जाना जाता है। प्राचीन काल में- नील व सुंदर- दोनों पर्वतों के मध्य एक मालिनी नदी प्रवाहित थी ! सो, कुल छः रथों का निर्माण किया जाता था, तीन रथ नीलाचल में और तीन सुन्दराचल में।ऐसी मान्यता है कि 1250 ई0 के आसपास, उत्कल के महाराज वीर नरसिंह देव ने मालिनी नदी पर रेत आदि से सेतु का निर्माण



करवाया और छः रथों के स्थान पर तीन ही रथों की परिपाटी चल निकली।

यात्रा हेतु प्रतिवर्ष नवीन रथों का निर्माण किया जाता है, जिसकी प्रक्रिया का आरंभ ठीक चार मास पूर्व वसन्त पंचमी को हो जाता है। ठीक इसी दिन मन्दिर सेवक उड़ीसा के दसपल्ला जिले में स्थिति रणपुर जंगल का प्रवास करते हैं और वहाँ से रथ-निर्माण हेतु यथा-योग्य लकड़ी संग्रह कर के लाते हैं। काष्ठ के इस संग्रह को छीलने, सुखाने, काटने और तराशने के लिए तक़रीबन दो मास का समय मिलता है और फिर अखतीज अर्थात् वैशाख शुक्ल तृतीया को काष्ठ-संयोजन और रथों की रंगाई पुताई का अंतिम पर्व सम्पन्न होता है।यों तो एक रथ के कुल चौंतीस भाग होते हैं, किन्तु वे सभी चौंतीस प्रत्येक वर्ष नहीं बनाए जाते, यथा- पार्श्व-देवता, घोड़े और सारथी।तीनों रथ आकार-प्रकार और रंग-रूप में एक दूसरे से भिन्न होते हैं। कौनसा रथ किस विग्रह का है, कई कई चिह्नों द्वारा पहचाना जा सकता है, यथा- रथ का रंग, ध्वज, शिखर-चिह्न, पहियों की संख्या एवं अश्वों का रंग। रथ निर्माण के दौरान बिना रंगाई-पुताई के रथों को पहियों के आकार व संख्या से पहचाना जा सकता है। मैंने स्वयं भगवान के कृपापात्र गुणी भक्तों को ऐसा करते देखा है।भगवान जगन्नाथ का रथ रंग में लाल-पीला होता है। चार स्त्रीलिंग श्वेत अश्वों वाले इस रथ में पाँच हाथ परिधि के कुल सोलह पहिये होते हैं। शिखर पर चक्र और गरुड़ शोभते हैं, ध्वजा में गरुड़ चिह्न। दारुक (मातलि) द्वारा हाँके जाने वाले इस रथ का नाम नंदिघोष है।

भगवान बलदेव का रथ रंग में लाल-हरा होता है। इस रथ में चार हाथ परिधि वाले कुल चौदह पहिये लगाए जाते हैं। तालध्वज नामक इस रथ पर महाराज वैवस्वत मनु के पुत्र सुद्युम्न सारथी बनकर बैठे हैं। इस रथ में भी कृष्ण वर्ण के चार स्त्रीलिंग अश्वों को जोता जाता है। देवी सुभद्रा का रथ लाल-काले रंग का होता है। इस रथ के अश्वों में विशेष संयोजन किया गया है। यहाँ पीले रंग के दो स्त्रीलिंग व दो पुल्लिंग अश्व जोड़े जाते हैं। इस रथ में चार हाथ परिधि वाले कुल बारह पहिये होते हैं। देवदलन नामक इस रथ के सारथी कुंतीपुत्र अर्जुन हैं।

तीनों के रथों में चहुंओर देवी-देवताओं के स्थान नियत किये जाते हैं। प्रत्येक रथ में एक ऋषिपाटा भी होता है, जहाँ आठ-आठ विभूतियों का स्थान सुरक्षित है।

प्रवास के चौथे दिन आता है, हेरा-पञ्चमी, जिसमें कि रथ-भंग की विचित्र बालसुलभ लीला! प्रसंग कुछ यों है कि प्रभु ने देवी लक्ष्मी से मात्र दो दिन के प्रवास की अनुमति ली है। किन्तु मौसी के यहाँ इतना आनन्द है कि प्रभु चौथे दिन भी श्रीमन्दिर नहीं लौटे। सो, दो दिन इस कड़ी प्रतीक्षा के पश्चात् हेरा-पञ्चमी को देवी लक्ष्मी सेवकों सहित श्रीजगन्नाथ मन्दिर से गुंडिचा भवन का प्रवास करती हैं।क्रोध के प्राकट्य स्वरूप, वे भगवान के सेवकों के लठमार होली जैसी कुछ लीला रचती हैं और लठों से रथ का कुछ भाग तोड़कर, बिना प्रभु से भेंट किए पुनः श्रीमन्दिर लौट आती हैं।

# स्कूल मे अवैध वसूली के विरोध में विद्यार्थियों ने किया प्रदर्शन

**दैनिक खोज खबर/ इसुआपुर (सारण)।** प्रखंड के महुली चकहन प्लस टू विद्यालय के छात्रों ने एसएलसी व सीएलसी के लिए लिपिक द्वारा अवैध वसूली किए जाने विरोध में स्कूल के विद्यार्थियों ने स्कूल प्रांगण में रोषपूर्ण प्रदर्शन किया।. विद्यार्थी प्रिंस कुमार पिता अनिल सिंह ग्राम चकहन, आकाश कुमार पिता चंदेश्वर ठाकुर ग्राम चकहन, निखिल कुमार पिता वीर बहादुर सिंह चकहन, कन्हैया कुमार पिता सुरेंद्र राय ग्राम गोहां, बिट्टू कुमार कुल बिहारी राय पिता चकहन व अन्य का कहना था कि स्कूल के लिपिक बदरुद्दीन अंसारी के द्वारा एसएलसी काटने के नाम पर 100 रुपये की मांग की जा रही है।, वहीं नहीं देने पर बच्चों को गाली दिया जाता है और उन्हें स्कूल से बाहर निकाल दिया जाता है।यहां तक कि उनसे बाद में आने पर 800 रुपए तक वसूली करने की बात कही जा रही है। .इस बाबत बच्चों ने बताया कि एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें बदरुद्दीन बच्चों से 500 से 800 रुपए तक वसूलने की बात कर रहे हैं। इस बाबत जब विद्यालय के प्राचार्य द्वारकानाथ गिरी से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उनके द्वारा पहले ही नोटिस जारी किया है कि स्कूल के किसी भी बच्चे से पैसा नहीं लेना है।


इसुआपुर के महुली प्लस टू स्कूल में अवैध वसूली के खिलाफ प्रदर्शन करते छात्र

इसके बाद भी पैसे लेने के मामले सामने आ रहे है। उन्होंने कहा कि वायरल वीडियो से इस बात की पुष्टि होती है। इसके लिए उन्होंने जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, मा0 शिक्षा से जांच करने की मांग की है। वहीं उन्होंने कहा कि दोषी को बक्सा नहीं जाएगा।

# इसुआपुर में मोहर्रम कमेटी के सदस्यों ने की बैठक

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर।** प्रखंड के इसुआपुर बाजार में होने वाले मोहर्रम मेला को लेकर शुक्रवार की देर संध्या इसुआपुर जामा मस्जिद परिसर में अब्दुल गफूर अंसारी की अध्यक्षता में कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक की गई थी। बैठक में मोहर्रम मेला सही रूप से संचालित हो सके तथा बाहर से आने वाले अखाड़ा की जगह, साफ-सफाई मेले की व्यवस्था के साथ अन्य मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में शामिल मुखिया प्रतिनिधि अजमल रहमानी, सैनिक कैंटीन के प्रबंधक एमडी वारिस, बब्लू अंसारी, टुनटुन हाशमी, मुन्ना अंसारी, खुर्शीद आलम तथा अन्य ने अपने विचार रखें

## इसुआपुर जनता दरबार में एक मामला का हुआ निपटारा

**इसुआपुर।** थाना परिसर इसुआपुर में शनिवार को आयोजित जनता दरबार में एक मामला आया जिसको आपसी सहमति व सूझबूझ से दोनों पक्षों ने निपटारा कर लिया गया । मामला अमरदह गांव के अखिलेन्द्र श्रीवास्तव तथा शिवकली देवी के बीच वर्षो से लंबित मामला था। जिसको आपसी मतभेद भुलाकर सुलझा लिया गया। मौके पर अंचलाधिकारी सतीश कुमार सिंह, राजस्व कर्मचारी ब्रजनंदन सहाय, तथा थाना से एसआई उमेश प्रसाद थे

## इसुआपुर में शिक्षक बीएलओ को दिया गया विशेष गहन पुनरीक्षण का प्रशिक्षण

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित खोभारी साह प्लस टू विद्यालय के सभागार में शनिवार को मतदाता सूची विशेष गहन पुनिरीक्षण अभियान के तहत प्रखंड के शिक्षक बीएलओ को डीसीएलआर धनंजय त्रिपाठी तथा बीडीओ इसुआपुर के द्वारा संयुक्त रूप से सारे बिंदुओं पर चर्चा कर संबंधित सारी जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि हाउस टू हाउस सर्वेक्षण 25 जून से 25 जुलाई तक, मतदाता सूची का प्रारूप 1 अगस्त को, दावे और आपतियों की अवधि 1 अगस्त से 1 सितंबर तक तथा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 30 सितंबर को होना है। इसमें वैसे मतदाता का नाम जिसकी मृत्यु हो गई है साथ ही अयोग्य मतदाता को शामिल नहीं करना है। और योग्य मतदाता का नाम सूची में छूटना भी नहीं चाहिए इसका विशेष ध्यान रखना है।

# सीसीआरटी हैदराबाद में सारण के शिक्षक प्रदीप कुमार पाण्डेय की सराहनीय प्रस्तुति

## प्रशस्ति पत्र के साथ शिक्षक को किया गया सम्मानित

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर (एकमा)।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के तत्वावधान में केंद्रीय सांस्कृतिक शोध एवं प्रशिक्षण केंद्र, हैदराबाद में ÷हमारी सांस्कृतिक विविधता÷ विषय पर आधारित दस दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के आयोजन में सारण के नगरा बीबीराम विद्यालय के संगीत शिक्षक प्रदीप पांडेय की सराहनीय प्रस्तुति हुई. कार्यशाला में देश के सात राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से चयनित शिक्षकों ने भाग लिया.बिहार राज्य की ओर से एससीईआरटी, पटना द्वारा नामित सारण जिले के बी.बी. राम उच्च माध्यमिक विद्यालय, नगरा के शिक्षक प्रदीप कुमार पाण्डेय ने कार्यशाला में जिले का प्रतिनिधित्व किया. उन्होंने ÷हमारी संस्कृति, हमारी विविधता÷ विषय पर एक प्रभावशाली प्रस्तुति दी. उनकी प्रस्तुति की शुरुआत बिहार के पारंपरिक गीतों से हुई, जिसके पश्चात भिखारी ठाकुर द्वारा रचित 'विदेशिया' के लोकगीतों और लोकनृत्य ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया. शिक्षक प्रदीप कुमार पाण्डेय की रचनात्मक प्रस्तुति को सीसीआरटी के निदेशक श्री वाई. चंद्रशेखर तथा फील्ड ऑफिसर सौंदर्या कौशिक द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया. उनके कार्य को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है. कार्यशाला के समापन सत्र में विद्यालय एवं जिला स्तर पर सांस्कृतिक क्लबों के गठन हेतु दिशा-निर्देश भी दिए गए, ताकि विद्यार्थियों में सांस्कृतिक जागरूकता और रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहन मिल सके. एससीईआरटी पटना के निदेशक और कॉर्डिनेटर जैनेंद्र दोस्त के मार्गदर्शन में कुल 6 सदस्यीय टीम को हैदराबाद के लिए चयनित किया गया था जिन्होंने वहां जाकर अपने विद्यालय ,अपने जिला, बल्कि पूरे प्रदेश को अपनी कला संस्कृति के माध्यम से गौरवान्वित करने का काम किया है।


(सम्मानित होते प्रदीप पांडेय)

# बुद्धिजीवियों ने किया वीर सपूतों को नमन, ऑपरेशन सिंदूर के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)।** डेरनी बाजार स्थित एक विशेष कार्यक्रम में शनिवार की शाम 'ऑपरेशन सिंदूर' में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। इस भावपूर्ण आयोजन में क्षेत्र के तमाम बुद्धिजीवियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया और शहीदों को याद करते हुए देशभक्ति के भाव प्रकट किए।कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. के.एन. सिंह ने की। वही मुख्य अतिथि सुरेश प्रसाद सिंह ज्ञानेश्वर ने अपने संबोधन में कहा कि , ÷देश के लिए बलिदान देने वाले वीर सपूतों को युगों-युगों तक याद रखा जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर हमारे सैनिकों की वीरता और समर्पण का प्रतीक है।÷कमलेश राय, परमात्मा प्रसाद गुप्ता,लक्ष्मण सिंह ठेकेदार,डॉ दुर्गा प्रसाद ,जयानंदन राय,परीक्षण शर्मा,तरुण तिवारी, त्रिलोकी साह,ने भी अपने विचार रखे और शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम के अंत में चंद्रशेखर भारद्वाज ने उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि ऐसे वीर जवानों को जितना भी सम्मान दिया जाए, वह कम है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आम नागरिक भी उपस्थित रहे और शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

# रजौली में अवैध देशी कट्टा के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**दैनिक खोज ख़बर /बनियापुर।** स्थानीय थाना को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम-रजौली में एक व्यक्ति अपने कमर में कट्टा खोसे हुए घुम रहा है तथा किसी बड़े आपराधिक घटना को अंजाम दे सकता है। प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बनियापुर थाना पुलिस टीम द्वारा ग्राम-रजौली पहुँच कर छापामारी किया गया। इस क्रम में एक अभियुक्त उमेश राय को एक देशी कट्टा एवं दो जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त उमेश राय, पिता-स्व0 बबन राय है।

# मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण हेतु बैठक आयोजित, डीडीसी ने कर्मियों को दिए जरूरी दिशा-निर्देश



**दैनिक खोज ख़बर/ बनियापुर।** उच्च माध्यमिक विद्यालय कन्हौली में डीडीसी सारण ने क्षेत्र के सभी बीएलओ, सुपरवाइजर ,सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण हेतु एक बैठक किया।जहां भारी संख्या में शामिल कर्मियों को मतदाता सूची की डोर टू डोर एक एक मतदाता की सत्यापन करने एवं रिपोर्ट सौंपने को कहा गया।डीडीसी यतेन्द्र कुमार पाल ने कर्मियों से बताया कि इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही या कोताही बर्दास्त नहीं की जाएगी। इस कार्य को दो सप्ताह से तीन सप्ताह के अंदर कर लेना है।उन्होंने बताया कि बूथ वाइज एक एक मतदाताओं का पुनरीक्षण कर लेना है आवश्यक है।सभी का सत्यापन कर लेना है।एक मतदाता गलत न हों और एक भी छूटे नही।मौके पर बनियापुर मसरख के सुपरवाइजर, बीएलओ की उपस्थिति में गहन पुनरीक्षण पर व्यापक चर्चा की गयी। मौक़े पर बनियापुर बीडीओ रमेन्द्र कुमार, सीओ दीनानाथ कुमार, नाजिर सरफराज आलम,मसरख बीडीओ मसरख सीओ साहित सभी कर्मी शामिल थे।

# भाजपा का बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत कार्यकर्ता बैठक आयोजित

**दैनिक खोज खबर/ दरियापुर (सारण)।** परसा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत दरियापुर प्रखंड के सूतिहार गांव स्थित प्राचीन देवी मंदिर प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक महत्वपूर्ण कार्यकर्ता बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत दरियापुर मध्य मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के जिला अध्यक्ष रंजीत सिंह शामिल हुए। उनके साथ भाजपा कार्य समिति के सदस्य राकेश कुमार सिंह, जिला महामंत्री अर्जुन सिंह, भूलन सिंह, और हरि साहनी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सुनील गुप्ता ने किया।




इस मौके पर मंटू बाबा, सुमंत बाबा, मोनू सिंह, अशोक सिंह सहित कई प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया, जिनमें अनिल सिंह, त्रिलोकी साह का विशेष रूप से नाम लिया गया।बैठक में भाजपा की रणनीति के अनुसार, हर बूथ से कम से कम 5 कार्यकर्ताओं की टीम तैयार करने का निर्णय लिया गया। कुल 66 बूथों के लिए 12 सदस्यीय कमेटी की योजना बनाई जा रही है। इस क्रम में अरुण मेहता, मिथलेश मांझी, मुकेश सिंह, राजीव कुमार सिंह, और शिक्षक मुन्ना सिंह जैसे कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ सौंपी गई।कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने, आम जन तक पार्टी की योजनाओं और नीति को पहुँचाने पर जोर देने की बात कही गई।

# कॉलेज कर्मियों ने अपनी मांगों के समर्थन में एक दिवसीय धरना दिया




**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** स्थानीय पंडित जवाहरलाल नेहरु कॉलेज मढ़ौरा के परिसर में शिक्षकों और शिक्षेत्तर कर्मियों ने अपनी मांगों के समर्थन में एक दिवसीय धरना दिया। शनिवार को कॉलेज परिसर में प्रभारी प्राचार्य उदय शंकर चौबे के नेतृत्व में लगभग एक दर्जन कॉलेज कर्मियों ने धरना में हिस्सा लिया। कॉलेज कर्मियों की प्रमुख मांगो में लंबित अनुदान की एक मुश्त भुगतान, अनुदान नहीं वेतनमान और पेंशन की मांगे शामिल हैं। मालूम हो कि वित रहित स्कूल-कॉलेज के लिए सरकार ने 2008 में अनुदान योजना से लाभान्वित किया। लेकिन गत कई वर्षो से कई वित्त रहित कॉलेज में कर्मियों के अनुदान नहीं मिला हैं, जिससे सभी आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। इस मौके पर पूर्व प्राचार्य निशु नारायण सिंह, अभय कुमार चंदेल, दीपक कुमार सिंह, विवेक बिहारी सिंह, हरि किशोर ओझा, अभय कुमार, संजय सिंह, रामबाबू सिंह, पवन कुमार आदि मौजूद रहे।



## अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से पिकअप क्षतिग्रस्त, चालक घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के चैनपुर गांव में एन एच 227 ए राम जानकी पथ पर अनियंत्रित तेज रफ्तार की ट्रक की चपेट में आने से पिक अप बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया वहीं चालक मामूली रूप में घायल हो गया। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने क्षतिग्रस्त पिक अप को कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी, वहीं ट्रक चालक ट्रक लेकर भागने में सफल हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि तेज रफ्तार ट्रक ने पिक अप में जोरदार टक्कर मार दी।

## दुष्कर्म के मामले में आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/मांझी।** मांझी थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म के मामले में मांझी थाना की पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जबकि एक अन्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़िता द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर यह मामला दर्ज किया गया। जिसमें बीते 27 मई को दो युवकों द्वारा दुष्कर्म की घटना कारित करने का आरोप लगाया गया था। इस मामले में माँझी थाना कांड संख्या 239/25, के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 127(1)/115(2)/70(1)/3(5) एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 4/6 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।पुलिस ने अनुसंधान के क्रम में प्राप्त सूचनाओं के आधार पर नामजद अभियुक्त नितेश कुमार यादव, पिता सुरेश यादव, निवासी भलुआ खुर्द, थाना मांझी, जिला सारण को गिरफ्तार कर लिया गया।

## मैरवा : ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति घायल, भर्ती

**परवेज अख्तर/सीवान।** मैरवा स्टेशन यार्ड के समीप शनिवार को ट्रेन नंबर 55056 से कटकर एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे आरपीएफ व मैरवा थाना की मदद से इलाज हेतु मैरवा अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार कर स्थिति गंभीर को देखकर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल की पहचान गुठनी थाना क्षेत्र के ममऊर निवासी भरत यादव के रूप में हुई है। घायल भरत का दोनों पैर कट गया है। मिली जानकारी के अनुसार आरपीएफ को सूचना मिली कि मैरवा यार्ड के पास गाड़ी संख्या 55056 से एक व्यक्ति घायल हो गया है। उक्त सूचना पर मैरवा स्टेशन पर ड्यूटी पर तैनात हेड कांस्टेबल रविंद्र दीक्षित और कांस्टेबल विनोद कुमार वर्मा घटनास्थल पर पहुंचे तो देखे कि डाउन लूप लाइन के पास एक व्यक्ति घायल अवस्था में पड़ा है, जिसका दोनों पैर कट गया है। वहीं सिर में भी चोट लगी है। मैरवा थाना के एएसआइ दीपक कुमार अपने स्टाफ के साथ पहुंचे और घायल को इलाज के लिए मैरवा अस्पताल लेकर आए, जहां डाक्टर ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया। रोहित कुमार नाम का एक युवक अस्पताल पहुंचकर बताया कि घायल उसके चाचा हैं।

## दो बाइक की टक्कर में तीन घायल

**सिवान।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के श्यामपुर गांव में शनिवार की सुबह दो बाइक की टक्कर में तीन युवक घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया , जहां उनका इलाज चल रहा है। घायल की पहचान जीरादेई निवासी अमन कुमार, विजय कुमार व मुफस्सिल थाना क्षेत्र के श्रीनगर निवासी आलोक कुमार के रूप में हुई है। दोनों बाइक की आमने-सामने की टक्कर हुई है। जिसे तीनों घायल हो गए।

## सीवान - वरिष्ठ ट्रेन प्रबंधक को बदमाशों मारपीट कर की लूटपाट

### पास रखे नकदी, मोबाइल, चश्मा व पानी का बोतल लूटकर हुए फरार

**परवेज अख्तर/सीवान।** नगर थाना क्षेत्र के आंदर ढाला स्थित रेलवे रनिंग रूम के समीप गुरुवार की देर रात्रि करीब साढ़े 12 बजे दो अज्ञात बदमाशों ने वरिष्ठ ट्रेन प्रबंधक के साथ मारपीट कर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया है। बदमाश उनके पास रखे नकदी, मोबाइल, चश्मा व पानी का बोतल लूटकर फरार हो गए। घटना उस समय हुई जब ट्रेन प्रबंधक ड्यूटी समाप्त कर जंक्शन से रनिंग रूम की और जा रहे थे। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घायल की पहचान कुमार श्याम कृष्ण के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची जीआरपी व नगर थाना की टीम मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई में जुट गई। जानकारी के अनुसार कुमार श्याम कृष्ण ट्रेन नंबर 55121 समस्तीपुर-सिवान सवारी गाड़ी को छपरा से सिवान लेकर आए थे। ड्यूटी समाप्त करने के बाद जंक्शन से रनिंग रूम की और पैदल जा रहे थे। रास्ते में दो अज्ञात बदमाशों ने उन्हें घेर लिया। बदमाशों ने पहले उन पर हमला किया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए, इसके बाद उनकी जेब से नकद, मोबाइल, चश्मा और पानी की बोतल लूट ली। घटना को लेकरघायल ने नगर थाना में प्राथमिकी कराने के लिए आवेदन दिया है। इधर पुलिस ने आसपास के सीसी कैमरा के फुटेज की जांच की है। इस घटना से रेलवे कर्मचारियों में दहशत कायम है। कर्मचारी संगठनों ने रेलवे प्रशासन और स्थानीय पुलिस से रात्रि ड्यूटी के दौरान कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जंक्शन के आसपास सुनसान इलाकों में बदमाश अक्सर सक्रिय रहते हैं, जिस पर पुलिस को तत्काल कार्रवाई करने की जरूरत है।

## टीबी मरीज के नोटिफाइड होते ही उनके बैंक खाते में भेजी जाएगी तीन हजार

**सिवान।** राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के नए गाइडलाइन के अनुसार टीबी मरीज के नोटिफाइड होते ही मरीज के खाते में अग्रिम राशि भेजी जाएगी। इस राशि का इस्तेमाल टीबी मरीज अपने पोषण से जुड़ी जरूरतों को पूरा करने के लिए कर सकेंगे। नेशनल ट्यूबरक्लोसिस एलिमिनेशन प्रोग्राम के नए गाइडलाइन के अनुसार उपचार प्रारंभ होने के 84 दिनों के बाद दूसरी किस्त के रूप में तीन हजार रुपये भेजी जाएगी। यदि मरीज का उपचार छह माह से अधिक चलता है तो पांच सौ रुपये प्रति माह की राशि मरीज के खाते में भेजी जाएगी। नए गाइडलाइन के मुताबिक अब टीबी चैंपियन स्पुटम कैरियर का भी काम कर सकेंगे। इसके लिए उन्हें सरकार की तरह से प्रोत्साहन राशि भी मिलेगी। टीबी चैंपियन स्पुटम कैरियर के रूप में मरीज का बलगम जरूरी जांच के लिए नजदीकी प्राथमिक अथवा अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाने का काम करेंगे जिसके लिए उन्हें दो सौ रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। प्राथमिक अथवा अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला टीबी सेंटर तक बलगम पहुंचाने पर चार सौ रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जायेगी। मामले में जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डा. अशोक कुमार ने बताया कि नए गाइडलाइन के अनुसार टीबी मरीज के नोटिफाइड होते ही उनके बैंक खाते में तीन हजार रुपये अग्रिम भेज दी जा रही है। उसके बाद उपचार प्रारंभ होने के 84 दिनों के बाद दूसरी किस्त के रूप में तीन हजार रुपये भेजी जाएगी।

# पचरुखी : चार युवकों को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही है पूछताछ

### भूमि विवाद को ले हुई हत्या, जांच में जुटी पुलिस, गुजरात जाने वाला था इरशाद

**परवेज अख्तर/सीवान।** पचरूखी थाना क्षेत्र के घरथवलिया गांव के समीप 27 जून की देर शाम दस की संख्या में आए बदमाशों ने तीन सगे भाइयों को गोली मार कर घायल कर दिया। इसमें इरशाद खान की मौत हो गई।

इस मामले में घायल अजमत खान ने गांव के ही चार युवकों को नामजद कर प्राथमिकी कराई है। प्राथमिकी के बाद पुलिस चारों नामजदों को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी कर रही है। पुलिस चार युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस ने घटनास्थल से पांच गोली का खोखा बरामद किया है। अजमत खान ने प्राथमिकी में बताया कि 27 जून को करीब साढ़े छह बजे अपने बथान पर बैठा हुआ था। मेरे बथान के 50 कदम की दूरी पर मेरे पड़ोसी का भी बथान है। पचरूखी थाना क्षेत्र के घरथवलीया निवासी कमल शर्मा, अंकित शर्मा, पंकज शर्मा, कुंदन शर्मा अपने-अपने हाथ में पिस्टल, कट्टा से लैस होकर मेरे बथान पर आकर गाली देने लगे। मना किया गया तो कमल शर्मा अपने हाथ में लिए पिस्टल से मेरे तरफ गोली चला दी, जो मेरे दाहिना हाथ में लगी , मैं भूमि पर गिर गया। गोली की आवाज सुनकर मेरा भाई कैफ खान और इरशाद खान उर्फ राजा खान दौड़कर आये तो अंकित शर्मा अपने हाथ में लिए पिस्टल से इरशाद खान पर गोली चला दी। इरशाद की गोली लगने से मौत हो गई, तभी कुंदन शर्मा और पंकज शर्मा ने अपने हाथ में लिए हथियार से मेरे भाई कैफ खान पर गोली चला दी। कैफ खान को कुंदन द्वारा चलाई गई गोली छाती पर लगी और पंकज शर्मा द्वारा चलाई गई गोली पेट में लगी।



(जनाजे की नमाज में उमड़ी भीड़ पहुंचे ओसामा शहाब)

**भूमि विवाद को ले हुई हत्या:** थाना क्षेत्र के हरदिया में शुक्रवार की देर शाम 10 की संख्या में पहुंचे बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग करते हुए तीन भाइयों को गोली मार दी। इसमें एक भाई इरशाद की मौत हो गई। इरशाद को सीने में गोली लगी थी, जबकि उसके दो भाई अजमत खान के कंधा तथा कैफ खान के सीने में गोली लगी है। कैफ को स्वजन गोरखपुर में इलाज के लिए लेकर चले गए। जबकि अजमत का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा था। इस घटना के बाद एसपी के निर्देश पर सदर एसडीपीओ अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी में जुटी थी। अस्पताल में मौजूद अन्य लोगों के अनुसार मामला भूमि विवाद को लेकर ही है।

**गुजरात जाने वाला था इरशाद:** फायरिंग की घटना में मृत इरशाद बीसीए की पढ़ाई पूरी कर घर आया था और वह गुजरात जाने वाला था। जुलाई में उसे गुजरात जाना था और उसका टिकट भी हो गया था इसी बीच वह बदमाशों की गोली का निशाना बन गया।

**घटना के बाद स्वजनों के रोने से माहौल हुआ गमगीन:** इरशाद की मौत तथा दो भाइयों के घायल होने की घटना के बाद स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। सदर अस्पताल में काफी संख्या में पहुंचे स्वजन शोकाकुल थे। उन्हें आसपास के ग्रामीण ढाढ़स बंधा रहे थे। जानकारी के अनुसार इरशाद चार भाई हैं और वह अविवाहित था।

## रुपये के लेनदेन को लेकर दो पक्षों में हुई खूनी झड़प में 13 घायल

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** थाना क्षेत्र के कौड़ियां लिलही में शनिवार की सुबह रुपये की लेनदेन को लेकर दो पक्षों में हुई खूनी संघर्ष में दोनों तरफ से 13 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से बसंतपुर एवं भगवानपुर हाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक द्वारा बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों में एक पक्ष से राहुल कुमार, हंसनाथ महतो, मेघनाथ महतो, गीता देवी, वीरेंद्र महतो, निशा कुमारी, बृजकिशोर महतो, रवि कुमार व किरण कुमारी शामिल है। सभी घायल को इलाज के लिए बसंतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सक द्वारा घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया, जबकि घायलों में दूसरे पक्ष के चार लोगों बाबूलाल महतो, गिरजा देवी, मंजू देवी तथा गीता देवी को इलाज के लिए भगवानपुर हाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां से चिकित्सक द्वारा बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों को एक-दूसरे पर लाठी-डंडे से हमला कर घायल करने का आरोप लगाया है।बताया जाता है कि जुलाई 2023 में इसी गांव एक युवक की हत्या हो गई थी, जिससे आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम किया था। इस दौरान ग्रामीणों के पथराव से कई पुलिसकर्मी घायल हो गए थे।

## आरपीएफ पोस्ट के प्रभारी बने सुभाष चंद्र

**परवेज अख्तर/सीवान।** सीवान जंक्शन के रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) पोस्ट पर शनिवार को नए निरीक्षक सुभाष चंद्र यादव ने कार्यभार ग्रहण किया। उनके आगमन को लेकर पूरी तैयारी की गई थी। जंक्शन पर आरपीएफ के उप निरीक्षक संजय कुमार पांडेय के नेतृत्व में रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारियों व जवानों ने उनका स्वागत किया। कार्यभार संभालने के बाद सुभाष चंद्र यादव ने आरपीएफ पोस्ट पर अधिकारियों के साथ बैठक कर विधि-व्यवस्था की समीक्षा की और आगामी योजनाओं पर चर्चा की। सुभाष चंद्र यादव इससे पहले इज्जतनगर में अपराध आसूचना शाखा में निरीक्षक के पद पर तैनात थे। वहीं, सिवान आरपीएफ पोस्ट के पूर्व निरीक्षक राजेश कुमार सिन्हा को प्रोन्नति के बाद रक्सौल में सहायक सुरक्षा आयुक्त के रूप में नियुक्त किया गया है।




## पांच साल तक के बच्चों वाले घरों में भेजे जाएंगे ओआरएस व जिंक की गोली

### प्रति बच्चा को एक ओआरएस पैकेट एवं 14 जिंक की गोली का होगा वितरण

**परवेज अख्तर/सीवान।** स्वास्थ्य विभाग दस्त से शिशुओं की मौत को रोकने के लिए एक विशेष अभियान चलाने वाला है। 15 जुलाई से 14 सितंबर तक जिन जगहों पर पिछले वर्ष दस्त से बच्चों की मौत से संबंधित शिकायत मिली थी वहां स्वास्थ्य विभाग खास ध्यान रखेगा। इस अभियान के दौरान पांच वर्ष के समस्त बच्चे जो दस्त रोग से ग्रसित हो, उन्हें लक्षित लाभार्थी समूह में रखा जाएगा। कार्यक्रम अंतर्गत आशा द्वारा पांच वर्ष तक के बच्चों वाले घरों में प्रति बच्चा एक ओआरएस पैकेट एवं 14 जिंक की गोली का वितरण किया जाना है। साथ ही आशा द्वारा दस्त से बचाव, स्वच्छता तथा दस्त होने पर ओआरएस एवं जिंक के प्रयोग संबंधी परामर्श माता-पिता एवं परिवार के अन्य अभिभावक को दिया जाएगा। दस्त की रोकथाम अभियान का आयोजन विभिन्न विभागों के समन्वय एवं सहभागिता से किया जाना है। दस्त की रोकथाम अभियान 2025 विभिन्न विभागों जैसे-स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग एवं ग्रामीण विकास विभाग के समन्वय एवं सहभागिता से अभियान को चलाना है।

**अभियान का उद्देश्य डायरिया के प्रसार को कम करना:** बता दें कि दस्त की रोकथाम अभियान का उद्देश्य डायरिया के प्रसार को कम करना एवं इससे होने वाले शिशु मृत्यु का शून्य स्तर प्राप्त करना है। डायरिया से होने वाले मृत्यु का मुख्य कारण निर्जलीकरण के साथ इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी होना है। ओआरएस व जिंक के प्रयोग द्वारा डायरिया से होने वाली मृत्यु को टाला जा सकता है।

### कहते हैं अधिकारी:

अभियान की सफलता के लिए सदर अस्पताल सहित सभी अनुमंडल अस्पताल, पीएचसी सहित अन्य को निर्देशित किया जा रहा है। पांच वर्ष तक के बच्चों वाले घरों में प्रति बच्चा एक ओआरएस पैकेट एवं 14 जिंक की गोली का वितरण किया जाना है।-

**डा. श्रीनिवास प्रसाद, सिविल सर्जन, सिवान**

## गोरेयाकोठी - हथियार के साथ दो बदमाश गिरफ्तार, पिस्टल, कट्टा, बाइक व गोली बरामद

**परवेज अख्तर/सीवान।** गोरेयाकोठी थाना की पुलिस ने शुक्रवार की रात सावना बघौत बाबा स्थान के के समीप से दो बदमाशों को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में दोनों बदमाश के पास से एक पिस्टल, एक कट्टा व तीन गोली बरामद की। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि शुक्रवार रात गुप्त सूचना मिलने के बाद पुलिस बलों के साथ गोरेयाकोठी-सिकटिया मार्ग पर स्थित सावना बघौत बाबा स्थान के समीप वाहन जांच अभियान शुरू किया गया। इस दौरान बाइक पर सवार दो युवक पुलिस को देख भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस ने तत्काल दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया। बाइक की कागजात मांगने पर युवकों ने कोई कागजात नहीं दिखाया। इस दौरान जब पुलिस ने उन बदमाशों की तलाशी ली तो उनके पास से हथियार व गोली बरामद की गई। दोनों बदमाशों की पहचान गोरेयाकोठी निवासी अरविंद कुमार व जामो बाजार थाना क्षेत्र के बरहोगा यदु बढ़ई टोला निवासी पंकज कुमार के रूप में हुई। दोनों के बारे में जानकारी जुटाने पर पता चला कि बगल के कई थानों में उन्हें हिरासत में पहले लिया गया था।




## नीट की प्रवेश परीक्षा में सफल होने पर हर्षित को किया गया सम्मानित

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** शहर के मैरवा रोड स्थित संघमित्रा पब्लिक स्कूल के छात्र हर्षित कुमार ने नीट 2024-25 की प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्ट अंक से सफलता हासिल की। हर्षित की सफलता पर पिता संजय कुमार ठाकुर एवं मां सीमा देवी ने भी खुशी व्यक्त की है। वहीं संघमित्रा पब्लिक स्कूल में समारोह आयोजित कर हर्षित कुमार को विद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित किया गया। प्राचार्या नवोनिता घोष ने बताया कि हर्षित कुमार ने इस परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 533 अंक अर्थात 98.9 प्रतिशत अंक हासिल किया है। वह राष्ट्रीय स्तर पर एआइआर 21701 (यूआर) एवं एआइआर 9838 (ओबीसी) रैंक हासिल की है। प्राचार्या ने बताया कि हर्षित कुमार सीबीएसई 12वीं (सत्र 2024-25) की बोर्ड परीक्षा में भी 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परचम लहरा चुका। हर्षित की सफलता पर विद्यालय परिवार गौरवांवित है। वहीं विद्यालय के सचिव मणीश प्रसाद सिंह ने खुशी व्यक्त करते हुए हर्षित के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है तथा कहा कि विद्यालय परिवार से मिले मार्गदर्शन से हर्षित सफलता का परचम लहरा रहा है।

## महिला ने फांसी लगा की आत्महत्या

गुठनी (सिवान)। थाना क्षेत्र के मिश्रौली में एक महिला ने शनिवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच घटना की जानकारी ली तथा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतका की पहचान मिश्रौली निवासी मुकेश राम की पत्नी सुशीला देवी (32) के रूप में हुई है। मृतका के पति मुकेश राम ने बताया कि मेरी पत्नी सुशीला देवी अप्रैल 2024 में एक मुथूट माइक्रोफिन लिमिटेड फाइनेंस से 65 हजार रुपये ऋण ली थी। पुत्र मधुकर कुमार का हाथ टूट जाने तथा उसके इलाज में राशि खर्च होने के कारण वह जून का किस्त जमा नहीं कर सकी। वादे के अनुसार शनिवार की सुबह उक्त फाइनेंस के तीन कर्मी दरवाजे पर पहुंच कर सुशीला से किस्त की रकम 2570 रुपया मांगने लगे। सुशीला देवी ने पति से वार्ता कर दोपहर एक बजे रुपये देने की बात कही। शनिवार की दोपहर फाइनेंस कर्मी सुशीला देवी के दरवाजे पर पहुंच राशि की मांग की, राशि नहीं मिलने पर उसे अपमानित किया जिसे सुशीला देवी बर्दाश्त नहीं कर सकी और छत पर अपने कमरे में जाकर पंखा में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बाद स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। स्वजनों के रोने से आसपास के ग्रामीण एकत्रित हो गए। ग्रामीणों ने घटना की सूचना थाने को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच घटना की जानकारी ली तथा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

## युवती को चाकू मारने वाले दो बदमाश सहित तीन का हथियार सहित फोटो प्रसारित

**भगवानपुर हाट (सीवान)।** थाना क्षेत्र के एक गांव में 21 जून की रात्रि में दवा खरीद कर लौट रही दो युवती पर गांव ही दो मनचलों ने मोबाइल नंबर देने से इन्कार करने पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया था। इस मामले में घायल युवती की मां ने 22 जून को थाना में आवेदन देकर गांव के ही रिशु राम, मकर राम तथा तुलसी राम को आरोपित करते हुए प्राथमिकी कराई थी। बताया जाता है कि गांव में दहशत कायम करने तथा घायल युवतियों के स्वजनों को भयभीत करने के लिए तुलसी राम तथा रिशु राम और इसके एक साथी पप्पू कुमार का हथियार का प्रदर्शन करते फोटो प्रसारित हुआ है। हथियार के साथ फोटो इंटरनेट मीडिया पर शुक्रवार से ही प्रसारित हो रहा है। प्रसारित वीडियो एवं फोटो में एक युवक पिस्टल में गोली भरते तथा कमर में रामपुरिया चाकू बांधे दिख रहा है।